ECONOMICS TIMES N.D 14/11/18

2,500MW मिड-टर्म PPA का दूसरे राउंड शुरू करेगा केंद्र

नई दिल्ली: पावर सेक्रेटरी ए के भल्ला ने मंगलवार को बताया कि मिड टर्म (3 साल) पावर परचेज एग्रीमेंट ऑक्शन (पीपीए) के पहले टेंडर को मिली अच्छी प्रतिक्रिया से पावर मिनिस्ट्री काफी उत्साहित है और वह स्ट्रेस्ड पावर एसेट्स को राहत देने के लिए 2,500 मेगावॉट कैपेसिटी के लिए दूसरा राउंड शुरू करेगी। पावर प्लांट्स की खातिर कोयले की आपूर्ति के लिए पीपीए एक जरूरी शर्त है। कोयले की कमी और अन्य मसलों के चलते पावर सेक्टर को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई पावर प्रोजेक्ट्स को पीपीए न होने की वजह से कोयला नहीं मिल रहा है। सरकार की 2,500 मेगावॉट के मिड-टर्म के पीपीए ऑक्शन प्लान को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। पिछले महीने स्कीम के तहत 1,900 मेगावॉट कैपेसिटी के लिए पीपीए साइन किए गए थे।